गुरु नानक कॉलेज धनबाद के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई **1&2** द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया।

आज दिनांक 24 जनवरी 2022 को गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 & 2 के द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिका सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय की राष्ट्रीय स्तर तक स्पोर्ट्स एवं म्यूजिक क्षेत्र में अपनी योग्यता साबित करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। जिसमें शुभी बावेजा, स्वेता रंजन, आस्था रंजन को म्यूजिक के लिए एवं ऋचा रानी एवं अनु ओराव को बास्केटबॉल के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन गुरुनानक कॉलेज के रुसा सेमिनार हॉल, भूदा में सुबह 11:30 बजे से हुआ एवं गूगल मीटिंग एप के माध्यम से प्रसारित हुआ जिसमें 100 से अधिक संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

इस कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन कॉलेज के प्राचार्य, डॉ० संजय प्रसाद द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य ने सभी को बालिका दिवस की बधाई देते हुए कहा की समाज के विकास के लिए महिलाओं का बुनियादी तौर पर विकास करना आवश्यक है। आज कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद की छात्रकल्याण संकायध्यक्ष डॉ. देवयानी विश्वास आमंत्रित थी। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की आज भी महिलाओं के विकास के लिए कई तरह के प्रयास करने की आवश्यकता है, जो हमारे देश की जनसंख्या का लग-भग आधा हिस्सा है। कॉलेज के प्रो. इंचार्ज(बैंकमोड़ कैंपस) डॉ. रंजना दास जी ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि महिलाओं के स्तर में पहले की तुलना में अब काफी परिवर्तन हुआ है, अब शायद ही ऐसा कोई क्षेत्र हो जहाँ महिलाओं ने अपना परचम न लहराया हो। प्रो. इंचार्ज (भुदा कैंपस) प्रो. अमरजीत सिंह जी ने भी महिलाओं के स्तर पर हो रहे सकारात्मक परिवर्तन को सराहनीय कहा।

इस कार्यक्रम में मंच संचालन NSS इकाई -2 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ . मीना मालखंडी के द्वारा किया गया। ऑनलाइन कार्यक्रम का तकनिकी संचालन NSS कार्यक्रम पदाधिकारी इकाई -1 प्रो. दीपक कुमार के द्वारा किया गया।इस अवसर पर कॉलेज की प्रो संजय सिन्हा,प्रो. दलजीत सिंह प्रो. पीयूष अग्रवाल, प्रो.अभिषेक सिन्हा, प्रो सोनू यादव, प्रो. नीतू समेत अन्य कई शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थें

कार्यक्रम का संचालन NSS कार्यक्रम पदाधिकारी (1)प्रो दीपक कुमार एवं (2)डॉ मिना मालखण्डी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।